an>

Title: Need for proper implementation of Rajiv Gandhi Khel Abhiyan (RGKA) alongwith Yuva Kreeda and Khel Abhiyan (Y.K.K.A.) in the country.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स के निर्माण का एक महत्वपूर्ण मसला सदन में शून्य काल के माध्यम से उठाने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। माननीय अध्यक्ष जी, प्रश्न काल में एक प्रश्न का उत्तर आया था। उसके माध्यम से, तथा मुझे जो जानकारी प्राप्त है, ग्राम स्तर तक खेलों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए, व खिलाड़ियों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के लिए भारत सरकार ने राजीव गांधी खेल अभियान व युवा क्रीड़ा खेल अभियान द्वारा सभी 634 जिलों के 6545 विकास खंडों में इंडोर और आउटडोर खेलों हेतु 1 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स के निर्माण की योजना पाँच साल में पूरा करने के लिए, तथा खेल प्रतियोगिताएँ कराने व खिलाड़ियों को प्रोत्साहन की योजना बनाई है। परंतु वास्तव में जो परिणाम इन परियोजनाओं द्वारा अपेक्षित थे, वे प्राप्त नहीं हो रहे हैं। इसमें मुख्यतः ग्रामीण स्तर पर जागरुकता की कमी है। वहीं जिन लोगों पर इन योजनाओं के क्रियान्वयन की ज़िम्मेदारी थी, उन्होंने अपने काम को ठीक से नहीं किया है। राज्य सरकारों को ज़िम्मेदारी देने के कारण भी व्यावहारिक रूप से इन योजनाओं का परिणाम प्राप्त नहीं हो पा रहा है, क्योंकि कई राज्य सरकारें, खासकर उत्तर प्रदेश व बिहार की सरकारें भारत सरकार की अपेक्षा के अनुसार कार्य नहीं कर रही हैं। गौरतलब है कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स सभी 6545 ब्लाकों में निर्मित हों और अभी पाँच साल का समय है। परंतु सरकार के द्वारा राज्य सरकार के माध्यम से बजट देने और यह घोषणा, कि एन.आर.जी., बी.आर.जी.एफ., एल.डब्लू.ई., एन.एफ.सी.पी.आर., ग्रामीण विकास मंत्रालय व पंचायत राज्य मंत्रालय आदि के माध्यम से राज्य सरकारों को धन उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन राज्य सरकारें उसको ठीक से नहीं कर पा रही हैं। इस तरह की योजनाओं के लिए जब तक स्वतंत्र बजट का आबंटन नहीं होता है, तब तक हम उनके हश्र को जानते हैं। अतः यह योजना समय पर पूरी हो व अपेक्षित परिणाम हों, इसके लिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से प्रार्थना करता हूँ कि चूँकि यह महत्वाकांक्षी योजना है, अतः प्रत्येक ब्लाक में स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स के निर्माण हेतु सरकार द्वारा सीधे धन आबंटन किया जाए और इस योजना की देखभाल सीधे खेल मंत्रालय द्वारा की जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री अजय मिश्रा टेनी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।